Serial No.

9120002

02/GO/CC/M-2025 – 29

पुस्तिका शृंखला

**K**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न–पुस्तिका

# हिन्दी भाषा और साहित्य

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 100 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दें।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न–पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
5. परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर दायीं ओर मुद्रित **शृंखला एवं उत्तर पत्रक पर मुद्रित शृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि प्रश्न–पुस्तिका में रफ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ सं. 15 और 16) सहित पूरे 16 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक में मुद्रित शृंखला में अन्तर तो नहीं है। प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले, इसी शृंखला की दूसरी सही प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रक ले लें।**
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर — (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक ही** उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने चार वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं — Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को **काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
9. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
10. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
11. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

www.bpscpathshala.com

1. 'अवहट्ट' से सम्बन्धित कौन-सा कथन गलत है ?

(A) अवहट्ट में आज की हिन्दी भाषा के विकास बीज परिलक्षित होते हैं ।

(B) इस भाषा की सबसे बड़ी विशेषता इसका देशीपन और लोक जीवन से निकटता है ।

(C) 'कीर्तिलता' अवहट्ट भाषा की रचना है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. प्रगतिवादी काव्य की प्रमुख विशेषता नहीं है

(A) धर्म और ईश्वर के प्रति अनास्था

(B) सामाजिक जीवन का यथार्थ चित्रण

(C) क्रांति की भावना

(D) दुःख और वेदना की विवृति

3. केशवदास की किस रचना को छंदों का अजायबघर कहा जाता है ?

(A) वीर सिंहदेव चरित

(B) कवि प्रिया

(C) रामचन्द्रिका

(D) रसिक प्रिया

4. 'कोकिल बायस एक सम, पंडित मूरख एक ।
इन्द्रायन दाड़िम विषय, जहाँ न नेकु विवेक ।।
बसिए ऐसे देस नहिं, कनक वृष्टि जो होय ।
रहिए तो दुख पाइये, प्रान दीजिए रोय ।।'

– 'अंधेर नगरी' नाटक में यह किसका कथन है ?

(A) नाटककार का

(B) गोवर्धन दास का

(C) नारायण दास का

(D) महन्त का

5. निम्नलिखित में से कौन मानक रूप नहीं है ?

(A) अठहत्तर

(B) पंचान्नबे

(C) पश्चात्

(D) चिह्न

6. हिन्दी एकांकी का जन्मदाता किसे माना जाता है ?

(A) उपेन्द्रनाथ अश्क

(B) रामकुमार वर्मा

(C) उदयशंकर भट्ट

(D) भुवनेश्वर प्रसाद

7. 'विद्यापति में वैष्णव की मर्यादा और शैव का तादात्म्य-भाव दोनों एक साथ मिलते हैं । काम-भाव और शरीर का सौन्दर्य उनके यहाँ उत्सव रूप में है ।' – किसका कथन है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) राम स्वरूप चतुर्वेदी

(C) रामवृक्ष बेनीपुरी

(D) रामचन्द्र शुक्ल

8. 'छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है ।' – यह किसकी कथन है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) महादेवी वर्मा

(C) डॉ. नगेन्द्र

(D) जयशंकर प्रसाद

www.bpscpathshala.com
9120002 9120002 9120002 9120002

9. वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है
(A) कवयित्रि
(B) वांछनीय
(C) उपरोक्त
(D) प्रज्वलित

10. 'असल में अपभ्रंश लोक में प्रचलित भाषा का नाम है, जो नाना काल और नाना स्थान में नाना रूप में बोली जाती थी और बोली जाती है ।' – यह किसका अभिमत है ?
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) राहुल सांकृत्यायन
(C) नामवर सिंह
(D) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

11. 'शुक्ल जी ने संस्कृत-काव्य-शास्त्र का पुनराख्यान कर और पाश्चात्य आलोचना-सिद्धान्तों को अपने अनुरूप ढालकर हिन्दी के लिए एक समन्वित आलोचना-शास्त्र का निर्माण किया ।' – किसका कथन है ?
(A) डॉ. नगेन्द्र
(B) रामविलास शर्मा
(C) नामवर सिंह
(D) राम स्वरूप चतुर्वेदी

12. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य संयुक्त वाक्य है ?
(A) जो छात्र परिश्रम करेंगे, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी ।
(B) उसने उस पुस्तकालय को खरीदा, जो उसके मित्र का था ।
(C) उसने न केवल गरीब को लूटा, बल्कि उसकी हत्या भी कर दी ।
(D) अस्वस्थ रहने के कारण वह परीक्षा में सफल न हो सका ।

13. रीतिकाल के किस कवि ने ऋतु-वर्णन को एकांतिक रूप से अपनी कविता का उपजीव्य बनाया है ?
(A) कुलपति मिश्र
(B) मतिराम
(C) पद्माकर
(D) सेनापति

14. पुल्लिंग शब्द है
(A) चालाकी
(B) भलाई
(C) घबराहट
(D) धमाका

15. उपन्यास और उसके लेखक का कौन-सा मेल गलत है ?
(A) अनामदास का पोथा – हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) बलचनमा – विवेकी राय
(C) राग दरबारी – श्री लाल शुक्ल
(D) सूरज का सातवाँ घोड़ा – धर्मवीर भारती

16. 'गोदान का रचना – संतुलन ऐसा बेजोड़ है कि उसमें अनवरत संघर्ष, करुणा, सहानुभूति और ट्रैजिक अंत के बावजूद कहीं किसी एक के प्रति कड़ुवाहट नहीं आती, गहरा असंतोष उमड़ता-घुमड़ता है तंत्र के प्रति । गाँधी और मार्क्स को जैसे प्रेमचंद ने फेंटकर मिलाया हो ।' – किसका कथन है ?
(A) गोपाल राय
(B) राम विलास शर्मा
(C) बच्चन सिंह
(D) राम स्वरूप चतुर्वेदी

www.bpscpathshala.com
912000291200029120002

17. 'चन्द्रगुप्त' नाटक का कौन-सा पात्र प्रारम्भ में देश-द्रोही होता है, परन्तु बाद में, अपनी भूल का पश्चाताप करता हुआ देश के लिए अपने को बलिदान कर देता है ?

(A) पर्वतेश्वर

(B) आम्भीक

(C) नन्द

(D) शकटार

18. रचना और उसकी विधा का कौन-सा मेल गलत है ?

(A) मुर्दहिया – आत्मकथा

(B) पैरों में पंख बाँधकर – यात्रा साहित्य

(C) दीवार में एक खिड़की – संस्मरण – रेखाचित्र रहती थी

(D) आवारा मसीहा – जीवनी

www.bpscpathshala.com

19. 1865 ई. में किस विदेशी विद्वान ने 'आल्हखंड' का प्रकाशन कराया था ?

(A) डॉ. बूलर

(B) वाटर फील्ड

(C) चार्ल्स इलियट

(D) कर्नल टॉड

20. इस पथ पर मेरे कार्य सकल
हों भ्रष्ट शीत के-से शतदल !

– 'शीत के-से शतदल' में कौन-सा अलंकार है ?

(A) उपमा

(B) उत्प्रेक्षा

(C) रूपक

(D) अपह्नुति

21. देवनागरी लिपि में मात्राओं में सुधार लाने की दृष्टि से बारहखड़ी चलाने का प्रस्ताव किसका था ?

(A) आचार्य नरेन्द्रदेव का

(B) श्याम सुंदर दास का

(C) काका कालेलकर का

(D) लोकमान्य तिलक का

22. काहे री नलिनी तूँ कुम्हिलानी ।
तेरे ही नालि सरोवर पानी ।।

– इन पंक्तियों के निहितार्थ से सम्बन्धित कौन-सा कथन असंगत है ?

(A) जीव की दुःखानुभूति माया की तरह ही सत्य है।

(B) 'कुम्हिलानी' से जीवात्मा के दुःखी होने का मिथ्यात्व व्यंजित है ।

(C) जीवात्मा मूलतः आनन्द स्वरूप है ।

(D) नलिनी जीवात्मा का प्रतीक है ।

23. 'नैन नचाई, कह्यो मुसक्याइ, लला, फिर आइयो खेलन होरी'।। – रीतिकाल के किस कवि की पंक्ति है ?

(A) बेनी प्रवीन

(B) पद्माकर

(C) देव

(D) आलम

91200002 91200002 91200002 91200002

24. तुम कनक किरन के अंतराल में
लुक छिप कर चलते हो क्यों ?
नत मस्तक गर्व वहन करते
यौवन के धन, रस कन ढरते
हे लाज भरे सौन्दर्य ! बता दो
मौन बने रहते हो क्यों ?

– 'चन्द्रगुप्त' नाटक में यह गीत किसने गाया है ?

(A) कल्याणी ने
(B) मालवीका ने
(C) अलका ने
(D) सुवासिनी ने

25. 'चूहा बिल से बाहर निकला ।'

– इस वाक्य में 'से' किस कारक की विभक्ति है ?

(A) कर्म कारक
(B) अपादान कारक
(C) करण कारक
(D) सम्प्रदान कारक

26. 'आधुनिकता' का मूल तत्व है

(A) प्रश्नाकुल मानसिकता
(B) तटस्थ बुद्धिवाद
(C) वैज्ञानिक चेतना
(D) उपर्युक्त सभी

27. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना अपभ्रंश की नहीं है ?

(A) वर्ण रत्नाकर
(B) भविसयत्त कहा
(C) महापुराण
(D) पउमचरिउ

28. उत्क्षिप्त व्यंजन हैं

(A) ड़ ढ़
(B) न म
(C) ब व
(D) फ भ

29. 'शेखर : एक जीवनी' से सम्बद्ध कौन-सा कथन असत्य है ?

(A) शेखर की सर्वाधिक अंतरंगता, किशोरावस्था में अपनी मौसेरी बहन शशि से होती है ।
(B) इसके प्रथम भाग का नामकरण 'उत्थान' तथा द्वितीय भाग का नामकरण 'पतन' है ।
(C) यह घनीभूत वेदना की केवल एक रात में देखे हुए 'विजन' को शब्दबद्ध करने का प्रयास है ।
(D) इसे जीवनी प्रधान मनोवैज्ञानिक उपन्यास कहना अधिक उचित है ।

30. किन्नर जीवन पर आधारित उपन्यास है

(A) अपने-अपने चेहरे
(B) पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा
(C) कथा सतीसर
(D) नरक दर नरक

31. 'कामायनी' के सम्बन्ध में कौन-सा कथन असत्य है ?

(A) कामायनी कथा प्रधान महाकाव्य न होकर भावप्रधान महाकाव्य है ।
(B) कामायनी छायावाद युग की प्रतिनिधि रचना है ।
(C) कामायनी शाक्त दर्शन से प्रभावित रचना है ।
(D) कामायनी के तीनों प्रमुख पात्र-मनु, श्रद्धा एवं इड़ा क्रमशः मन, हृदय और बुद्धि के प्रतीक हैं ।

www.bpscpathshala.com
912000002 912000002 912000002 912000002 912000002

32. "जिस कवि में कल्पना की समाहार शक्ति के साथ भाषा की समासशक्ति जितनी ही अधिक होगी उतना ही वह मुक्तक की रचना में सफल होगा । यह क्षमता बिहारी में पूर्णरूप से वर्तमान थी ।" – किसका कथन है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) बच्चन सिंह

(C) रामकुमार वर्मा

(D) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

33. संरचनावाद को पद्धति के रूप में स्थापित करने का श्रेय किसे दिया जाता है ?

(A) देरिदा को

(B) रोलाँ बार्थ को

(C) लेवी स्ट्रास को

(D) सास्यूर को

34. किसने 'प्रजाहितैषी' नामक पत्र निकालकर संस्कृतनिष्ठ खड़ी बोली हिन्दी का प्रचार किया ?

(A) मुंशी सदासुखलाल

(B) राजा लक्ष्मण सिंह

(C) राजा शिव प्रसाद 'सितारे हिन्द'

(D) बाबू तारामोहन मिश्र

35. 'सरोज स्मृति' से सम्बन्धित कौन-सा कथन असत्य है ?

(A) प्रगीतात्मकता और कथात्मकता दोनों इस कविता में परस्पर गुंफित हैं ।

(B) यह एक संश्लिष्ट रचना है जिसमें सरोज के साथ-साथ निराला के जीवन की कथा भी प्रस्तुत हो जाती है ।

(C) विद्वानों ने इसे श्रेष्ठतम 'एलेजी' अर्थात् शोकगीत घोषित किया है ।

(D) यह कविता सर्वप्रथम 'सुधा' पत्रिका के जनवरी 1934 ई. के अंक में प्रकाशित हुई थी ।

36. 'अंगिका' किस भाषा की उपबोली है ?

(A) छत्तीसगढ़ी

(B) भोजपुरी

(C) मगही

(D) मैथिली

37. 'ध्वन्यात्मकता, लाक्षणिकता, सौन्दर्यमय प्रतीक-विधान तथा उपचारवक्रता के साथ स्वानुभूति की विवृत्ति छायावाद की विशेषताएँ हैं ।'
– यह किसका कथन है ?

(A) राम चन्द्र शुक्ल

(B) नन्द दुलारे वाजपेयी

(C) जय शंकर प्रसाद

(D) सुमित्रानन्दन पंत

38. बौद्ध सिद्धों के चर्यापदों के सम्बन्ध में कौन-सा कथन असत्य है ?

(A) ये चर्याएँ संधाभाषा के दृष्ट-कूटों में लिखी गई हैं जिनके दुहरे अर्थ होते हैं ।

(B) चर्यापदों में सिद्धों की अनुभूति और रहस्यभावना के दर्शन होते हैं ।

(C) ये एक प्रकार के गीत हैं जो समान्यत: अनुष्ठानों के समय गाए जाते हैं ।

(D) चर्यापदों की रचना परिनिष्ठित अपभ्रंश में हुई है, जबकि दोहाकोशों की अवहट्ठ में ।

39. 'अँधेरे में' कविता में किसका उल्लेख नहीं है ?

(A) सिरफिरा पागल

(B) नेहरू और जिन्ना

(C) रक्तालोकस्नात पुरुष

(D) मार्शल लॉ

www.bpscpathshala.com
9420002 9420002 9420002 9420002 9420002

40. राम भक्ति में रसिक सम्प्रदाय का संस्थापक किसे माना जाता है ?

(A) कृपा निवास

(B) जीवा राम

(C) रामचरण दास

(D) अग्रदास

41. 'तुम भूल गए पुरुषत्व-मोह में कुछ सत्ता है नारी की/समरसता है सम्बन्ध बनी अधिकार और अधिकारी की ।'
–कामायनी में यह किसका कथन है ?

(A) मानव

(B) इड़ा

(C) काम

(D) श्रद्धा

42. कवि और उसकी काव्य कृति का कौन-सा मेल गलत है ?

(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना – संशय की एक रात

(B) धूमिल – संसद से सड़क तक

(C) अज्ञेय – कितनी नावों में कितनी बार

(D) कुँवर नारायण – आत्मजयी

43. लोक-बेदहूँ बिदित बारानसी की बड़ाई बासी नरनारि-अंबिका-सरूप हैं । कालनाथ कोतवाल, दंडकारि दंडपानि, सभासद गनप-से अमित अनूप हैं ।।
उपर्युक्त पंक्तियाँ तुलसीदास की किस रचना की हैं ?

(A) गीतावली

(B) विनयपत्रिका

(C) कवितावली

(D) वैराग्य संदीपनी

44. कहानी और उसके लेखक का कौन-सा मेल गलत है ?

(A) तीसरी कसम – फणीश्वर नाथ 'रेणु'

(B) वापसी – उषा प्रियंवदा

(C) परिंदे – निर्मल वर्मा

(D) आकाशदीप – जैनेन्द्र कुमार

45. 'मेरा यह मत है कि हिन्दी ही हिन्दुस्तान की राष्ट्रभाषा हो सकती है और होनी चाहिए ।'
सन् 1918 में आठवें हिन्दी साहित्य सम्मेलन समारोह के सभापति पद से बोलते हुए यह किसने कहा था ?

(A) महात्मा मुंशीराम ने

(B) मदन मोहन मालवीय ने

(C) पुरुषोत्तम दास टण्डन ने

(D) महात्मा गाँधी ने

46. तिहारी प्रीति किधौं तरवारि ?
–इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(A) संदेह

(B) उत्प्रेक्षा

(C) निदर्शना

(D) दृष्टान्त

47. 'विक्रम की 7 वीं शताब्दी से 11 वीं शताब्दी तक अपभ्रंश की प्रधानता रही और फिर वह पुरानी हिन्दी में परिणत हो गयी ।' –किसका अभिमत है ?

(A) राहुल सांकृत्यायन

(B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(C) रामचन्द्र शुक्ल

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

91200002 91200002 91200002 91200002 91200002
www.bpscpathshala.com

48. भारत के बाहर की प्राय: सभी हिन्दी बोलियाँ किस पर आधारित हैं ?

(A) हरियाणवी

(B) भोजपुरी

(C) अवधी

(D) खड़ी बोली

49. अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे
उठाने ही होंगे ।
तोड़ने होंगे ही मठ और गढ़ सब ।
–इन पंक्तियों से सम्बन्धित कौन-सा कथन असत्य है ?

(A) क्रान्ति के लिए हमें समझौतावादी भी बनना पड़ेगा ।

(B) मठों एवं गढ़ों को तोड़ने का तात्पर्य प्रतिक्रियावादी ताकतों को नष्ट करने से है ।

(C) खतरे उठाए बिना संकल्पनिष्ठ व्यक्ति अपनी आज़ादी को सुरक्षित नहीं रख सकता ।

(D) क्रान्ति के मार्ग में खतरे तो हैं, पर उन खतरों को झेलते हुए हमें आगे बढ़ना है ।

50. 'बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्' की स्थापना कब हुई ?

(A) सन् 1949 ई.

(B) सन् 1950 ई.

(C) सन् 1948 ई.

(D) सन् 1951 ई.

51. रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना नहीं है

(A) शुद्ध कविता की खोज

(B) भाषा और समाज

(C) अर्धनारीश्वर

(D) संस्कृति के चार अध्याय

52. आधुनिक हिन्दी रंगमंच की शुरूआत किसने की थी ?

(A) नारायण प्रसाद बेताब

(B) आगा हश्र कश्मीरी

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) राधेश्याम कथावाचक

53. भारतेन्दु के किस नाटक में तत्कालीन शासन-व्यवस्था पर अत्यन्त तीखा व्यंग्य किया गया है ?

(A) भारत दुर्दशा

(B) नील देवी

(C) अंधेर नगरी

(D) प्रेमजोगिनी

54. रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार किसने विशेष तत्परता के साथ एक व्यवस्थित रूप में भक्ति-मार्ग को 'निर्गुण पंथ' के नाम से चलाया ?

(A) ज्ञान देव ने

(B) कबीर दास ने

(C) रामानन्द ने

(D) नाम देव ने

55. कौन-सा कथन असत्य है ?

(A) राजा लक्ष्मण सिंह उर्दू मिश्रित हिन्दी गद्य के पक्षधर थे ।

(B) भारतेन्दु जी ने अपने द्वारा स्थापित लेखक मण्डल तथा स्वयं के समवेत प्रयासों से हिन्दी गद्य की एक निश्चित दिशा का निर्धारण किया ।

(C) खड़ी बोली गद्य के विकास में ईसाई मिशनरियों ने जाने-अनजाने बहुत कुछ योग दिया ।

(D) खड़ी बोली गद्य के विकास में फोर्ट विलियम कॉलेज का महत्वपूर्ण योगदान है ।

www.bpscpathshala.com

56. 'यह प्रेम को पंथ कराल है जू, तरवार की धार पै धावनो है ।' – रीतिकाल के किस कवि की पंक्ति है ?

(A) ठाकुर

(B) बोधा

(C) आलम

(D) द्विजदेव

57. 'अंधेर नगरी' के सम्बन्ध में कौन-सा कथन गलत है ?

(A) इसमें छह अंक हैं ।

(B) यह अपने कथ्य में आधुनिक और शिल्प में नवीन है ।

(C) इसमें कुशासन के दुष्परिणामों की ओर इंगित किया गया है ।

(D) यह एक प्रहसन है ।

www.bpscpathshala.com

58. हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने के उद्देश्य से राजभाषा अधिनियम 1976 के अन्तर्गत भारत संघ के राज्यों को कितने वर्गों में विभक्त किया गया है ?

(A) पाँच

(B) चार

(C) दो

(D) तीन

59. हिन्दी में सौष्ठव वादी या स्वच्छंदतावादी आलोचना का सूत्रपात करने का श्रेय किसे दिया जाता है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) शान्ति प्रिय द्विवेदी

(D) नन्द दुलारे वाजपेयी

60. काव्यभाषा के रूप में ब्रजभाषा को सर्वोच्च स्थान किस कवि के काव्य से मिला ?

(A) चंदबरदाई

(B) विष्णु दास

(C) सूरदास

(D) नंद दास

61. हिन्दी रंगमंच की जड़ें कहाँ से आरम्भ होती हैं ?

(A) स्वांग

(B) रास लीला

(C) राम लीला

(D) उपर्युक्त सभी

62. साहित्यिक अवधी का प्रथम काव्यग्रंथ है

(A) मृगावती

(B) अवध विलास

(C) रामचरित मानस

(D) चंदायन

63. 'मेरे जेहन में औरत वफ़ा और त्याग की मूर्ति है, जो अपनी बेज़बानी से, अपनी कुर्बानी से, अपने को बिलकुल मिटाकर पति की आत्मा का एक अंश बन जाती है ।' – 'गोदान' में यह किसका कथन है ?

(A) मेहता

(B) मालती

(C) खन्ना

(D) धनिया

64. अब मोहि ले चलि नणद के बीर, अपनैं देसा ।
इन पंचनि मिलि लूटी हूँ, कुसंग आहि बदेसा ।।

– कबीर की इन पंक्तियों का कौन-सा निहितार्थ अतार्किक है ?

(A) माधुर्य-भाव के आवरण में साधना का प्रति-पादन है ।

(B) 'नणद के बीर' परमात्मा को कहा गया है ।

(C) जीव के लिए यह संसार ससुराल तथा परमात्मा का लोक मायका है ।

(D) काम, क्रोद्ध, लोभ, मोह तथा मद – ये पाँच विकार जीव के वास्तविक स्वरूप को विकृत करते हैं ।

65. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत हिन्दी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया है ?

(A) 343 (i)

(B) 345

(C) 346

(D) 347

66. अबला जीवन, हाय, तुम्हारी यही कहानी ।
आँचल में है दूध और आँखों में पानी ।।

– उपर्युक्त पंक्तियाँ मैथिली शरण गुप्त के किस काव्य की हैं ?

(A) पंचवटी

(B) विष्णु प्रिया

(C) यशोधरा

(D) साकेत

67. निबंध और निबंधकार का कौन-सा मेल असत्य है ?

(A) मोरसि मोहि कुठाँव – चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(B) आचरण की सभ्यता – सरदार पूर्ण सिंह

(C) वैष्णवता और भारतवर्ष – भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) साहित्य जन समूह – प्रतापनारायण मिश्र के हृदय का विकास है

68. 'भक्ति धर्म की रसात्मक अनुभूति है । अपने मंगल और लोक के मंगल का संगम उसी के भीतर दिखाई पड़ता है । इस मंगल के लिए प्रकृति के क्षेत्र के बीच मनुष्य को अपने हृदय के प्रसार का अभ्यास करना चाहिए ।'

– रामचन्द्र शुक्ल के किस निबंध की पंक्तियाँ हैं ?

(A) लोभ और प्रीति

(B) श्रद्धा-भक्ति

(C) उत्साह

(D) भाव या मनोविकार

69. मगही का परिनिष्ठित रूप किस जिले में बोला जाता है ?

(A) पलामू

(B) मुंगेर

(C) हजारीबाग

(D) गया

70. किसकी प्रसिद्धि नवगीतकार के रूप में है ?

(A) ठाकुर प्रसाद सिंह

(B) वीरेन्द्र मिश्र

(C) राजेन्द्र प्रसाद सिंह

(D) उपर्युक्त सभी

www.bpscpathshala.com

71. 'तीसरा सप्तक' का प्रकाशन वर्ष है

(A) 1979 ई.

(B) 1956 ई.

(C) 1951 ई.

(D) 1959 ई.

72. हिन्दी कविता में 'प्रपद्यवाद' का प्रवर्तन किसने किया ?

(A) जगदीश गुप्त ने

(B) रांगेय राघव ने

(C) नलिन विलोचन शर्मा ने

(D) रघुवीर सहाय ने

73. सन् 1979 ई. में राकेश वत्स ने 'मंच' पत्रिका के माध्यम से किस कहानी आन्दोलन का सूत्रपात किया ?

(A) सक्रिय कहानी

(B) सचेतन कहानी

(C) समकालीन कहानी

(D) अ-कहानी

74. 'कामायनी', 'तुलसीदास', 'राम की शक्तिपूजा' में शक्ति और मानवीय चेतना का जैसा आख्यान है वैसा बँगला काव्य या स्वयं रवीन्द्रनाथ में नहीं मिलता ।

– किसका कथन है ?

(A) डॉ. नगेन्द्र

(B) राम विलास शर्मा

(C) नन्द दुलारे वाजपेयी

(D) राम स्वरूप चतुर्वेदी

75. हे पुरुष-सिंह, तुम भी यह शक्ति करो धारण,
आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर,

– राम से यह कौन कहता है ?

(A) सुग्रीव

(B) हनुमान

(C) जाम्बवान

(D) विभीषण

76. 'नारी ! तुम केवल श्रद्धा हो विश्वास-रजत-नग पगतल में, पीयूष-स्रोत-सी बहा करो जीवन के सुन्दर समतल में ।'

उपर्युक्त पंक्तियाँ कामायनी के किस सर्ग की हैं ?

(A) श्रद्धा

(B) लज्जा

(C) इड़ा

(D) चिंता

77. हिन्दी का कौन-सा कवि मैथिली में 'यात्री' नाम से लिखता था ?

(A) धूमिल

(B) नागार्जुन

(C) त्रिलोचन

(D) वीरेन्द्र मिश्र

78. किसकी प्रसिद्धि ललित निबंधकार के रूप में है ?

(A) डॉ. नगेन्द्र

(B) विद्यानिवास मिश्र

(C) कुबेर नाथ राय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

www.bpscpathshala.com

91200002 91200002 91200002 91200002 91200002

79. रामचन्द्र शुक्ल ने सूफी प्रेमाख्यान काव्य परम्परा का प्रवर्तक किसे माना है ?

(A) असाइत को

(B) मुल्ला दाऊद को

(C) कुतुबन को

(D) मंझन को

80. 'हल्कू' और 'मुन्नी' मानसरोवर (भाग-एक) की किस कहानी के पात्र हैं ?

(A) नशा

(B) पूस की रात

(C) अलग्यौझा

(D) गुल्ली-डंडा

81. 'फाँसी, दूसरों को शिक्षा देने के लिए । पर यह कैसी शिक्षा है कि जीवन के प्रति आदर-भाव सिखाने के लिए उसी की घोर हृदयहीन उपेक्षा का प्रदर्शन किया जाय ! और, इससे भी कभी कोई सीखा है .... मुझे तो फाँसी की कल्पना सदा मुग्ध ही करती रही है -उसमें साँप की आँखों-सा एक अत्यन्त तुषारमय, किन्तु अमोघ सम्मोहन होता है ....'

– उक्त गध्यांश से सम्बन्धित कौन-सा कथन असंगत है ?

(A) आज के युग में फाँसी की सज़ा का कोई औचित्य नहीं है ।

(B) फाँसी में भी एक तरह का सम्मोहन होता है जो आकर्षित करता है ।

(C) जब हम किसी को जीवन नहीं दे सकते, तो हमें जीवन लेने का भी कोई अधिकार नहीं है ।

(D) दूसरे के जीवन को मिटाकर जीवन के प्रति सम्मान रखने की शिक्षा नहीं दी जा सकती ।

82. किस सम्प्रदाय के मंदिरों में कृष्ण के साथ राधा का विग्रह नहीं होता, अपितु वाम पार्श्व में वस्त्रनिर्मित एक गद्दी होती है जिसके ऊपर स्वर्णपत्र पर 'श्री राधा' शब्द अंकित रहता है ?

(A) राधावल्लभ सम्प्रदाय

(B) गौड़ीय सम्प्रदाय

(C) निम्बार्क सम्प्रदाय

(D) वल्लभ सम्प्रदाय

83. शेखर को नारी का प्रथम स्नेह किससे मिलता है ?

(A) प्रतिभा से

(B) शारदा से

(C) शशि से

(D) सरस्वती से

84. अकविता आंदोलन के प्रवर्तक हैं

(A) आलोक धन्वा

(B) राज कमल चौधरी

(C) जगदीश चतुर्वेदी

(D) प्रयाग शुक्ल

85. सुनु सुरेस उपदेसु हमारा ।
रामहि सेवकु परम पिआरा ।।
मानत सुखु सेवक सेवकाईं ।
सेवक बैर बैरू अधिकाई ।।

उपर्युक्त चौपाइयाँ रामचरित मानस के 'अयोध्याकाण्ड' में किसके मुख से कहलायी गयी हैं ?

(A) वसिष्ठ

(B) बृहस्पति

(C) भरद्वाज

(D) वाल्मीकि

www.bpscpathshala.com

91200002

86. 'अपभ्रंश का वाल्मीकि' किसे कहा जाता है ?

(A) पुष्पदंत

(B) हेमचंद्र

(C) धनपाल

(D) स्वयंभू

87. खड़ी बोली हिन्दी को परिष्कृत और व्याकरण सम्मत रूप प्रदान करने में किसकी विशेष भूमिका रही है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) श्याम सुन्दर दास

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) महादेवी वर्मा

88. 'सुनियो एक सँदेसो ऊधौ तुम गोकुल को जात ।
ता पाछे तुम कहियो उनसों एक हमारी बात ।।'
–उद्धव के प्रति यह किसका कथन है ?

(A) गोपी का

(B) कुब्जा का

(C) देवकी का

(D) कृष्ण का

89. मलिक मुहम्मद जायसी ने 'पदमावत' में बारहमासा का प्रारम्भ किस महीने से किया है ?

(A) असाढ़

(B) कातिक

(C) सावन

(D) चैत

90. 'भूषण अथवा कवि चन्द नहीं,
बिजली भर दे वह छन्द नहीं,
है कलम बँधी, स्वच्छन्द नहीं
फिर हमें बतावे कौन ? हन्त !
वीरों का कैसा हो बसन्त ?'

–उपर्युक्त पंक्तियों की रचना किसने की है ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान

(B) माखन लाल चतुर्वेदी

(C) श्याम नारायण पाण्डेय

(D) बाल कृष्ण शर्मा 'नवीन'

91. किस शब्द का प्रयोग बहुवचन में होता है ?

(A) ओठ

(B) किसी

(C) प्रत्येक

(D) कोई

92. रामचन्द्र शुक्ल ने अपने इतिहास ग्रंथ में किसे हिन्दी का पहला मौलिक उपन्यास माना है ?

(A) परीक्षागुरु

(B) नूतन ब्रह्मचारी

(C) देवरानी जेठानी की कहानी

(D) भाग्यवती

www.bpscpathshala.com

912000002 912000002 912000002 912000002 912000002

93. सूरदास के भ्रमरगीत से सम्बन्धित कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(A) इसमें लोक संस्कृति के तत्वों का कलात्मक नियोजन है ।

(B) ऐसा सुंदर उपालम्भ काव्य दूसरा नहीं मिलता ।

(C) इसमें राधा का वाग्वैचित्र्य तो अद्भुत है ।

(D) काव्य रूप की दृष्टि से इसे दूत-काव्य अथवा संदेश-काव्य कहा जा सकता है ।

94. किस भाषा की लिपि देवनागरी नहीं है ?

(A) नेपाली

(B) संस्कृत

(C) पंजाबी

(D) मराठी

95. किस प्रेमाख्यान में शरीर, जीवात्मा तथा मन की वृत्तियों का रूपक बाँधकर अध्यात्म को समझाया गया है ?

(A) हंस जवाहिर

(B) इन्द्रावती

(C) अनुराग बाँसुरी

(D) चित्रावली

96. नाटक और उसके लेखक का कौन-सा मेल गलत है ?

(A) बकरी – सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(B) आठवाँ सर्ग – सुरेन्द्र वर्मा

(C) पहला राजा – जगदीश चन्द्र माथुर

(D) कबिरा खड़ा बाजार में – विष्णु प्रभाकर

97. निम्नलिखित में से किस ग्रंथ की रचना राजकुमारों को स्थानीय भाषा का ज्ञान कराने के लिए हुई थी ?

(A) कीर्ति पताका

(B) उक्ति-व्यक्ति प्रकरण

(C) कीर्तिलता

(D) शार्ङ्गधर पद्धति

98. वृन्दावन लाल वर्मा द्वारा रचित उपन्यास है

(A) गढ़ कुण्डार

(B) भुवन विक्रम

(C) विराटा की पद्मिनी

(D) उपर्युक्त सभी

99. खड़ी बोली में लिखा गया हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है

(A) प्रियप्रवास

(B) साकेत

(C) कामायनी

(D) विक्रमादित्य

100. 'हिंदी प्रदीप' पत्रिका के सम्पादक थे

(A) बाल कृष्ण भट्ट

(B) प्रताप नारायण मिश्र

(C) बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन'

(D) अम्बिका दत्त व्यास

www.bpscpathshala.com

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

9120002 9120002 9120002 9120002 9120002

www.bpscpathshala.com

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए स्थान

www.bpscpathshala.com